आरोप | मशीन से निर्माण, कम सामग्री उपयोग और भुगतान की तैयारी पर सवाल, सचिव, उपयंत्री व एसडीओ की भूमिका पर संदेह

# 15 लाख के सीसी चेक डैम निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

**चिल्हारी नवभारत 2 मई।** मानपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कठार के भरमिला में निर्मित सीसी चेक डैम अब गंभीर आरोपों के घेरे में है। कुशाहार नाला में राम कमल पटेल के खेत के पास बनाए गए इस निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने सीधे तौर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक, सीसी चेक डैम निर्माण कार्य को लगभग 14 लाख 98 हजार 577 रुपए की लागत से मंजूरी दी गई थी। 29 मई 2023 को स्वीकृत इस कार्य में सामग्री मद के लिए लगभग 12 लाख 91 हजार 168 रुपए तथा श्रम मद का भी प्रावधान किया गया था।

## जमीन पर कुछ और कागजों में कुछ और!

ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर वास्तविकता कुछ और ही बयां कर रही है। दावा किया जा रहा है कि निर्माण में महज 2.5 से 3 लाख रुपए तक की सामग्री का उपयोग किया गया, जबकि शेष राशि




निकालने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर किस आधार पर भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है?

## श्रम प्रधान कार्य में मशीनों का खेल

इस कार्य में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जहां मजदूरों से काम कराया जाना था, वहां मशीनों का उपयोग किया गया। पंचायत और मनरेगा जैसे कार्यों में श्रमिकों को रोजगार देना प्राथमिक उद्देश्य होता है, लेकिन यहां इस मूल उद्देश्य को ही दरकिनार कर दिया गया।

## सचिव, उपयंत्री और एसडीओ पर मिलीभगत का आरोप

यह मामला अब केवल निर्माण एजेंसी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि ग्राम पंचायत सचिव, संबंधित उपयंत्री और एसडीओ की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि क्या बिना तकनीकी मूल्यांकन के ही भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। क्या निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक परीक्षण एवं साइट निरीक्षण किया गया। यदि इन सभी बिंदुओं पर पारदर्शिता नहीं बरती गई है, तो यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही ही नहीं बल्कि संभावित मिलीभगत की ओर भी संकेत करती है।

## अधिकारी बोले-अभी मूल्यांकन नहीं

जब इस संबंध में उपयंत्री प्रदीप उद्यम से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में अवकाश पर हैं और अभी कार्य का मूल्यांकन नहीं हुआ है। यह जवाब खुद कई नए सवाल खड़े करता है कि बिना मूल्यांकन के भुगतान की चर्चा कैसे शुरू हो गई?

## नियमों की अनदेखी या सुनियोजित खेल?

सरकारी निर्माण कार्यों में स्पष्ट प्रावधान हैं कि कार्य स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार हो, श्रम और सामग्री का अनुपात बना रहे, गुणवत्ता परीक्षण हो और मापन पुस्तिका के आधार पर ही भुगतान किया जाए। लेकिन भरमिला के इस मामले में इन सभी नियमों की अनदेखी के आरोप सामने आ रहे हैं।

## प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने उमरिया कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही, दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।




# संस्था के अतिथि विद्वान अवैध गतिविधियों में संलग्न

▶ महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में ताला लगाने का मामला

**अमरपुर नवभारत 2 मई।** विकासखंड मुख्यालय अमरपुर में संचालित शासकीय महाविद्यालय कुछ दिनों से विवादों के घेरे में आ गया हैं। उक्त महाविद्यालय एक हायर सेकेंडरी के पूरे भवन में कई वर्षों से संचालित हो रहा हैं। वर्तमान में महाविद्यालय का नया भवन भी बनकर तैयार हो चुका हैं।

जानकारी अनुसार उक्त भवन में बिजली फिटिंग आदि का कार्य शेष एवं जिला स्तर से कमेटी गठित की गई हैं। कमेटी का प्रतिवेदन उपरांत ही भवन महाविद्यालय को हस्तांतरण किया जाना हैं। परंतु कुछ दिनों पूर्व बाहरी छात्रों द्वारा नए भवन में महाविद्यालय संचालन को लेकर कुछ छात्रों के साथ मुख्य मार्ग जाम भी किया जा चुका हैं। फिर दूसरे सप्ताह में प्राचार्य कक्ष में तालाबंदी की गई थी।

## छात्रों ने पुलिस चौकी में दिया लिखित आवेदन

महाविद्यालय की सूचना पर पुलिस द्वारा गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में तोड़ कर संस्था का संचालन बहाल किया गया, जिसके विरोध में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा 28 अप्रैल को एक लिखित आवेदन पुलिस चौकी अमरपुर में दिया गया। इसमें लेख किया गया हैं कि संस्था के अतिथि विद्वान जयदीप दुबे भी इस अवैध गतिविधियों में संलग्न हैं। इनकी शह पर एबीवीपी के कार्यकर्ता लक्ष्मण परमार, गोकुल ठाकुर एवं तारेन्द्र ठाकुर कॉलेज के अध्यनरत छात्र नहीं हैं।

## कड़ी कार्यवाही करने की मांग

इनके ऊपर कड़ी कार्यवाही करने लेख किया गया हैं। ताकि भविष्य में इस प्रकार का कृत्य अन्य संस्थाओं में पुनरावृत्ति नहीं हो पाए। आवेदन में पुलिस से मिली जानकारी अनुसार जांच में लिया गया हैं। अब देखना यह हैं कि प्रशासन ऐसे कृत्यों में कब तक अंकुश लगाने में सफल हो पाती हैं।

# मजदूरों को भी पेंशन देने का प्रावधान किया जाए : यादव

▶ अमरपुर में मजदूर संघ ने मनाया श्रमिक दिवस

**अमरपुर नवभारत 2 मई।** मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन महासंघ भोपाल के ब्लॉक इकाई अमरपुर द्वारा विश्व श्रम दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राम कुमार यादव द्वारा कहा गया कि जिस प्रकार सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धा पेंशन का प्रावधान हैं उसी प्रकार मजदूरों को भी एक खास उम्र के तहत मिस्त्री एवं मजदूरों को भी शासन द्वारा पेंशन देने का प्रावधान किया जाना चाहिए। जब वह असहाय हो जाएं तब उनको भरण पोषण में किसी के आश्रित ना रहना पड़े।

## इन्होंने भी किया संबोधित

इसके अलावा आयोजित श्रमिक संगोष्ठी को महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर, तोक सिंह मरावी अध्यक्ष ब्लॉक जन समस्या निवारक प्रकोष्ठ, आकाश नामदेव भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरपुर, गजेंद्र सिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत अलोनी द्वारा भी संबोधित किया गया।

## इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्दे, मदन यादव, संघ के सचिव मुन्ना लाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रामदयाल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्र सिंह मरावी, संरक्षक गन्धू सिंह धुर्वे, पहलाद ठाकुर, अत्तर परस्ते, फूल चंद, सेम सिंह, पूरन लाल विश्वकर्मा, राजवती मरावी, गीता बाई, सूरजवती विश्वकर्मा, शांति बाई विश्वकर्मा, इंद्रावती मरावी, द्रोपती बाई यादव, अशोक तेकाम, संतोष मरावी आदि मौजूद रहे।







# डिवाइडर क्रॉसिंग बंद करने पर भड़के क्षेत्रवासी

▶ सेंट्रल बैंक के पास सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**शहपुरा नवभारत 2 मई।** नगर के सेंट्रल बैंक के पास डिवाइडर की क्रॉसिंग बंद किए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और मार्ग को जाम कर दिया।

अचानक की गई इस कार्रवाई से नाराज नागरिकों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त स्थान पर डिवाइडर के बीच-बीच में पहले से ही क्रॉसिंग छोड़ी गई थी, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा मिलती थी। लेकिन, हाल ही में बिना किसी पूर्व सूचना के इन क्रॉसिंग को बंद किया जाने लगा, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**वाहनों की लगी लंबी कतार**

इसी मुद्दे को लेकर आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना था कि क्रॉसिंग बंद होने से उन्हें लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है।

## आश्वासन के बाद खत्म किया प्रदर्शन

सूचना मिलते ही शहपुरा तहसीलदार और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। प्रशासन की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम समाप्त कर दिया, जिससे यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी।

## समस्या का समाधान नहीं हुआ तो दोबार करेंगे आंदोलन

फिलहाल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# आंगनबाड़ी में मनाया गया लाडली लक्ष्मी उत्सव

**शहपुरा नवभारत 2 मई।** शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना शहपुरा अंतर्गत सेक्टर शहरी शहपुरा के वार्ड क्रमांक 9 में लाडली लक्ष्मी उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मध्य प्रदेश शासन की बहुआयामी योजना लाडली लक्ष्मी योजना है, जिसमें अब तक लाखों बालिकाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। शनिवार को मध्य प्रदेश शासन के द्वारा सभी जिला एवं ब्लॉक स्तर एवं आंगनबाड़ी स्तर पर लाडली लक्ष्मी उत्सव आयोजित किया गया है, जिसमें लाभान्वित लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को उनके प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही लाडली बालिकाओं की मेहंदी व डांस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद समाजसेवी सुरेंद्र साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिता साहू, लता साहू, दुर्गेश साहू, राजकुमारी रजक, हीरा झारिया, कल्पना शर्मा, विद्या बनवासी, पार्वती साहू एवं सहायिका सत्या बनवासी उपस्थित रहीं।






# 26 विद्यार्थियों को नि :शुल्क साईकिल वितरित

▶ अब विद्यार्थियों की मुश्किलें होंगी आसान

**करंजिया , नवभारत 2 मई।** नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ ही शासकीय मॉडल स्कूल करंजिया में विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। नि:शुल्क साईकिल वितरण योजना के अंतर्गत विद्यालय के 26 पात्र छात्र-छात्राओं को जनप्रतिनिधियों एवं पालकों की उपस्थिति में साइकिलें वितरित की गईं। इस पहल से अब दूर-दराज़ से आने वाले विद्यार्थियों के लिए विद्यालय पहुंचना अधिक आसान हो जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत करंजिया की सरपंच जमोत्री पेंद्रो विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## उपस्थिति सुनिश्चित करने एक महत्वपूर्ण कदम : पेंद्रो

उन्होंने योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया।

**समय और श्रम दोनों की बचत होगी : तिवारी**

विद्यालय के प्राचार्य केशव प्रसाद तिवारी ने भी विद्यार्थियों को साइकिल का सही एवं सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा विद्यार्थियों के समय और श्रम दोनों की बचत करेगी, जिससे वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

# संक्रमण से हुई थी चार साल की मादा हाथी की मौत

▶ आकस्मिक मृत्यु से वन विभाग हुआ सतर्क

**चिल्हारी नवभारत 2 मई।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की मादा हाथी 'गायत्री' की मृत्यु हो गई है। बताया गया है कि लगभग चार साल की गायत्री कुछ दिन पूर्व डायरिया से ग्रसित हो गई थी, बाद मे उसके मल द्वार से रक्तस्त्राव होने लगा। कल ही पोस्टमार्टम के उपरांत हथिनी का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जबलपुर से पहुंचे वन्यजीव चिकित्सकीय दल तथा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के चिकित्सकों द्वारा तैयार प्रारंभिक रिपोर्ट में मामला संभावित एन्थ्रेक्स संक्रमण से जुड़ा बताया गया है। स्थिति की गंभीरता के कारण विभाग ने तत्काल सतर्कता



बरतते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रोजेक्ट एलीफेंट प्रभाग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया का पालन किया।

## शव का वैज्ञानिक तरीके से दहन किया गया

अधिकारियों ने बताया कि संक्रमण फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुए हाथी के शव का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से दहन किया गया। इस प्रक्रिया के दौरान क्षेत्र संचालक महेंद्र प्रताप सिंह, एनटीसीए के प्रतिनिधि डॉ ज्ञानेंद्र प्रजापति, सरपंच ताला सालेहा खान, मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक द्वारा नामांकित प्रतिनिधि डॉ काजल जाधव तथा स्थानीय एनजीओ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, टीकाकरण के निर्देश**

घटना के बाद जिला चिकित्सा अधिकारी और पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचित कर दिया गया है। वन्यजीवों और पालतू पशुओं के संपर्क में आने वाले लोगों के लिए एन्थ्रेक्स से बचाव संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सांथ ही आवश्यक टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। वन विभाग ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और रिजर्व क्षेत्र मे सतत निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी संभावित संक्रमण को समय रहते रोका जा सके।

# बफे की जगह बैठाकर भोजन कराना बना चर्चा का विषय



▶ पड़वार निवासी भाईया दयाल तिवारी के सुपुत्र के तिलकोत्सव में सराहनीय कदम

**चिल्हारी नवभारत 2 मई।** बफर सिस्टम की जगह शादियों और अन्य आयोजनों में बैठकर पारंपरिक तरीके से भोजन (पंक्तिबद्ध या स्टील थाली) कराने की पहल निश्चित रूप से एक बहुत ही सराहनीय और स्वागतयोग्य कदम है। यह न केवल हमारी संस्कृति को जीवंत करता है, बल्कि आधुनिक समय में कई समस्याओं का समाधान भी है। इस नई प्रथा के मुख्य लाभ और सराहनीय पहल है भोजन की बर्बादी में कमी बफर में लोग अक्सर जरूरत से ज्यादा प्लेट में ले लेते हैं और खाना बर्बाद होता है। बैठकर परोसने वाली व्यवस्था में भोजन व्यर्थ नहीं होता।

## चौकी, पटा व थाली लगाकर भोजन कराया

ऐसी ही एक मिशाल पेश की है उमरिया जिले मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़वार निवासी भाईयादयाल तिवारी एवं सरपंच रूपा रामायण तिवारी के छोटे भाई मनीष तिवारी तिलकोत्सव कार्यक्रम में बफे की जगह बैठकर सम्मानजनक आसन लगाकर चौकी, पटा, थाली में भोजन कराया गया है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**बैठाकर भोजन कराने के लाभ**

जमीन पर या कुर्सी पर बैठकर खाना खाने से पाचन क्रिया बेहतर होती है। आयुर्वेद के अनुसार, इस तरह बैठकर खाने से शरीर को भोजन का पूरा पोषण मिलता है और मोटापा या गैस जैसी समस्याएं नहीं होती। जब लोग एक साथ बैठकर खाते हैं, तो बातचीत बढ़ती है और आपसी भाईचारा व अपनापन मजबूत होता है।

# आबकारी विभाग ने अवैध शराब के 4 प्रकरण किए दर्ज



**डिंडोरी/शहपुरा, नवभारत 2 मई।** जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु शनिवार को आबकारी विभाग वृत्त शहपुरा और समनापुर में अवैध शराब रखने व बिक्री संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश कर कार्यवाही की गई।

इसमें आरोपी नरेश कुमार



से 50 पाव रॉयल सेलेक्ट रम, सुखदेव सिंह से 32 पाव गोवा व्हिस्की, कांति बाई से 8 पाव गोवा व्हिस्की, 8 पाव गोवा रम, 10 पाव प्लेन देसी मदिरा और लोकबती बाई से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की गई। बरामद सामग्री की अनुमानित कुल कीमत 15880 रुपए आंकी गई है। उक्त सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किए गए है।

# मिलीभगत से हो रही शराब की अवैध पैकारी

▶ शराब ठेकेदार के कथित गुर्गे गांव-गांव पहुंचा रहे शराब

**चिल्हारी नवभारत 2 मई।** जिले के मानपुर क्षेत्र में शराब ठेकेदार के कथित गुर्गों पर गांव-गांव में शराब की अवैध पैकारी और जिम्मेदारों पर संरक्षण के आरोप लगातार लग रहे हैं। आलम ये है कि मानपुर कि लाइसेंसी शराब दुकान से ठेकेदार के कथित गुर्गे अलसुबह से देर शाम तक गोवर्दे, खिचकिडी, सिगुड़ी, दुलहरा, कछौहा, कठार, बिजौरी, रक्सा, सेमरा, पटेहरा, मढ़उ, मझखेता बम्नगवा भरेवा अशोढ मुगवानी भरेवा पडखुरी सहित दर्जनों गांवों में अवैध शराब की खेप पहुंचा रहे है।

## हर गांव में 2-3 शराब के अवैध ठीहे चल रहे

सूत्र बताते हैं कि हर गांव में 2-3 शराब के अवैध ठीहे चल रहे हैं जहां आसानी से शराब मिल रही है। लाल बोलेरो और बाइक से शराब की सप्लाई की जा रही है, लिहाजा क्षेत्र मे आपराधिक मामले और नशाखोरी बढ़ गई हैं।ग्रामीणों का कहना है कि गांव गांव शराब की अवैध ठीहे संचालित होने से युवा बर्बादी की राह पर जा रहे हैं, लेकिन विभाग लगाम लगाने की बजाए खुला संरक्षण दे रहा है।

**दिखावे के लिए की जाती है कार्रवाई**

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अमले को इसकी पूरी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही और अवैध कारोबार को फलने-फूलने में सहयोग मिल रहा है। अगर कार्रवाई होती भी है तो सिर्फ दिखावे के लिए कोरम पूर्ति की जाती है।वहीं विरोध करने पर ठेकेदार के लोग ग्रामीणों को झूठे केस में फंसाने की धमकी तक देते है।